BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:.....................   Date:..........................

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (29.01.2025)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 29.01.2025, PAGE-04

आज से सात तक ला कोर्स में होगा आन स्पाट नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के ला कोर्स में खाली पड़ी सीटों पर नामांकन के लिए बुधवार से स्पाट नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। कालेजों में खाली पड़ी सीटों पर नामांकन के लिए विद्यार्थी संबंधित कालेज में पहुंचकर प्राचार्य से अनुरोध कर रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। सभी कालेजों में सात फरवरी तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद नामांकन की रिपोर्ट सभी कालेज विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएंगे। अब तक पहली मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन की रिपोर्ट कालेजों ने विश्वविद्यालय को उपलब्ध ही नहीं कराई है। दो बार से अधिक इसके लिए रिमांडर भेजा जा चुका है। विश्वविद्यालय की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि स्पाट राउंड से नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कक्षा संचालन की तिथि जारी होगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 29.01.2025, PAGE-04

लॉ : दाखिले को आज से ऑनलाइन नामांकन

मुजफ्फरपुर. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एलएलबी और प्री लॉ की रिक्त सीटों पर ऑनस्पॉट मोड में नामांकन लिया जाएगा. इसको लेकर बुधवार से स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. विश्वविद्यालय की ओर से इसको लेकर आदेश जारी किया गया है.